SUNDAY | 17.11.2024 | मार्गशीर्ष कृष्ण-द्वितीया विक्रम संवत-2081 उत्तर प्रदेश amarujala.com

अमर उजाला

राजधानी वर्ष 17 | अंक 141 | पृष्ठ : 18+8=26 मूल्य : सात रुपये लखनऊ • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

अगले साल तक युद्ध खत्म करने का प्रयास करेगा यूक्रेन

पेज 7

जेलेंस्की बोले, पुतिन की समझौते पर सहमत होने में रुचि नहीं

स्ट्रोक के प्रबंधन में अहम हो सकता एआई

लखनऊ। केजीएमयू के न्यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आरके गर्ग के मुताबिक स्ट्रोक के मरीजों में आर्टिफिशिल इंटेलीजेंस (एआई) की भूमिका बेहद अहम हो सकती है। वे शनिवार को एरा विवि में आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। कार्यशाला का आयोजन भारतीय तंत्रिका विज्ञान अकादमी व एरा विवि के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से किया गया। एरा विवि के कुलपति प्रो. अब्बास अली ने कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों और फैकल्टी का स्वागत किया। भारतीय तंत्रिका विज्ञान अकादमी, लखनऊ के अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार खन्ना ने समारोह की अध्यक्षता की। सीएसआईआर-भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रजनीश कुमार चतुर्वेदी ने अल्जाइमर रोग में पुनर्योजी चिकित्सा पर बात की। कार्यशाला के आयोजन सचिव प्रो. सैयद शादाब रजा ने धन्यवाद दिया। (माई सिटी रिपोर्टर)